'प्रधानमंत्री आवास योजना में आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करें'

बूंदी (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को तालेड़ा में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों, राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति, भूमि आवंटन आदि में अर्जित प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अल्फानगर में उपस्वास्थ्य केन्द्र की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए। आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण कार्य में प्रगति लाई जाए एवं केवाईसी और आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। टीबी व सिलिकोसिस पीड़ितों को राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार उपचार और अन्य सुविधाएं मिले।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी आंगनबाडी, पीएचसी, सीएचसी एवं स्कूल पेयजल व शौचालय की सुविधा से वंचित नहीं रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाए।

जिला कलेक्टर ने तालेड़ा में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोलर प्लांट के लिए जमीन चिह्नित करें। वरीयता और राज्य सरकार के निर्धारित मापदंडों के अनुसार काश्तकारों को कृषि कनेक्शन जारी किए जाएं। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना में अब तक प्राप्त हुए आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाएं, और जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्ण हो चुके विकास कार्यों के कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र भिजवाएं जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता के साथ करवाई जाए। ट्यूबवेल और हैंडपंप को ग्रीष्मकाल के मद्देनजर अभी से ठीक करवा लिया जाए, ताकि आगामी दिनों में पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने रेट्रोफिटिंग के कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने उच्च जलाशय व पंप हाउस के लिए भूमि आवंटन की स्थिति, गिरदावरी, जन आधार सीडिंग, जीएसएस निर्माण की प्रगति, भूमि अवाप्ति के प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, प्रशिक्षु आरएएस सीमा मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

धोखाधड़ी के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण इलाके के सीमलिया पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए 36 लाख की धोखाधड़ी के मामले में वर्ष 2022 से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दोनों आरोपियों के ऊपर कोटा ग्रामीण पुलिस ने 5-5 हजार के इनाम की घोषणा की हुई थी। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि 20 मई 2022 को सीमलिया थाने मे 36 लाख की धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढाका के निर्देशन मे सीमलिया थानाधिकारी सुरेश कुमार शर्मा एवं साईबर थाने के सहायक उपनिरिक्षक भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे केशवरायपाटन के मेहराना गांव निवासी दौलतराम (32) एवं रामावतार (35) को कोटा के कंसुआ चौराहे से डिटेन कर गिरफ्तार किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में टीम के सदस्य कांस्टेबल रविकान्त और मोरमुकुट सिंह की अहम भूमिका रही।

'ग्रामीण क्षेत्र में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलेंगी'

- सुनेल, डग को फिजिशियन, डग, अकलेरा को गायनेकुलोजिस्ट, खानपुर को ईएनटी विशेषज्ञ मिले

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सको के पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे थे। जिसकी जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, एवं सांसद झालावाड बारां दुष्यंत सिंह के झालावाड प्रवास के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान द्वारा दी गई। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड को जिले की सीएचसी पर चल रहे विशेषज्ञ चिकित्सको के रिक्त पदों का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर द्वारा अर्द्ध शासकीय पत्र चिकित्सा विभाग को भिजवाया गया।

उप जिला चिकित्सालय, डग में अन्य जिलों से स्त्री रोग विशेषज्ञ का पदस्थापन किया गया है। फेमेली मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राम मनोहर कुशवाह को उप जिला चिकित्सालय डग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुनेल में सात वर्षों बाद मिले फिजिशियन चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवानीमण्डी पर ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शेलेन्द्र कुमार मेहता को पद स्थापित किया गया है।

एसडीएच पिडावा में भी शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, सीएचसी अकलेरा में भी अन्य जिले से महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक लगाये गये हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों से चिकित्सा संस्थानों पर रिक्त चल रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की जानकारी ली गई थी जिसके अनुरुप आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सको हेतु जिला कलेक्टर द्वारा निदेशालय को अर्द्ध शासकीय पत्र लिख कर रिक्त चल रहे पदो कों भरने हेतु कहा गया था। जिले में अब भी विशेषज्ञ चिकित्सको के पद रिक्त है जिन्हे भी जल्द ही भरे जाने का आश्वासन निदेशालय स्तर से दिया गया है।

सार-समाचार

कलश यात्रा का स्वागत किया

मांगरोल (निसं)। कस्बे में रंगबाड़ी बालाजी धाम पर शिव पुराण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें गुरुवार को रंगबाडी बालाजी मंदिर से मंदिर समिति एवं हिंदू समाज के लोग ध्वज लेकर सोरती बावड़ी शेषलिंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान से कलश की पूजा अर्चना की और वही स्वर्ण कलश और रजत कलश की बोली लगाई गई जिसमें स्वर्ण कलश की बोली रामचरण चोपड़ा के एवं रजत कलश की बोली अक्षय चोपडा के छोडी छोटी-छोटी कन्याओं महिलाओं ने कलश लेकर लेकर जय श्रीराम भोलेनाथ के भजनों पर नाच गाते हुए कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग,पशु चिकित्सालय, छोटा बाजार, कुंज चौक बाजार, आजाद चौक में बस स्टैंड रंगबाडी बालाजी धाम पहुंची। मार्ग में हिंदू समाज के लोगों ने भव्य कलश यात्रा का फूल बरसा कर एवं तोरण द्वार लगाकर स्वागत किया गया वही रंगबाड़ी लगी धाम पर कलश की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात महाआरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया हजारों की तादाद में महिलाएं बच्चों व भक्त जनों ने भव्य कलश यात्रा में भाग लिया यह कार्यक्रम रंगबाडी बालाजी धाम पर पांच दिवसीय कार्यक्रम शिवपरिवार प्रतिष्ठा कार्यक्रम 10 तारीख तक किया जाएगा पंच कुंड की बोली भी लगाई जा रही है समाचार लिखने तक की जानकारी आई है।

लोक अदालत ने बीस लाख का अवार्ड पारित

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ में स्थाई लोक अदालत झालावाड़ द्वारा एक डेथ क्लेम में प्रार्थीया को राहत देते हुए 20 लाख का अवार्ड पारित किया गया,स्थाई लोक अदालत झालावाड़ के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया की प्रार्थीया प्रमिला मेरोठा के पति का धनराज निवासी खानपुर की मृत्यु 11.11.2023 को हो गई थी जिन्होंने अपने जीवन काल में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी करवा रखा था जिसका समय पर प्रीमियम समय पर जमा करवाया गया था। जिसके संबंध में मृतक की पत्नी द्वारा स्थाई लोक अदालत में एक परिवाद पेश किया था, जिस पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक राजीनामे के प्रयास किए गए जिस पर बीमा कंपनी द्वारा प्रार्थीया को राहत देते हुए पॉलिसी के संबंध में 20 लख रुपए देना स्वीकार किया गया। स्थाई लोक अदालत द्वारा शीघ्र न्याय मिलने से प्रार्थीया व उनके परिवार की तीन नाबालिग बच्चे शामिल है मैं खुशी की लहर आई।

मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

बूंदी (निसं)। रोटरी क्लब द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से श्री हरमेन्द्र प्रकाश दलजीत कौर चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्व. शीला दौराश्री की पुण्यस्मृति में एक नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रविवार को रेड क्रॉस भवन में प्रात: 10 बजे तक दोपहर दो बजे तक किया जा रहा है। अध्यक्ष महेश पाटौदी ने बताया की सेवा शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्णव सरोया (कॉर्निया, लेसिक एवं रेटिना सर्जन) द्वारा अपनी टीम के साथ नि:शुल्क परामर्श एवं जांच सेवा प्रदान की जाएगी। जांच के उपरांत योग्य रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। जिन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उनके ऑपरेशन भी नि:शुल्क रूप से नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल एवं रोटरी क्लब के सहयोग से करवाए जाएंगे। रोगियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी क्लब द्वारा की जाएगी।

श्रीराम कथा सुनाई

अंता (निसं)। ग्राम धतुरिया में संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 5वें दिन की कथा में श्रीराम भगवान की बाल लीला पर वर्णन किया। विश्वामित्र का अयोध्या नगरी मे आगमन करते हैं। ऋषि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को लेने के लिए अयोध्या आए थे वे धर्म की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण मांगते हैं। त्रेता युग के समय ऋषियों के यज्ञ कुंड में असुर हड्डी और मांस के टुकड़े फेंक कर उनका यज्ञ खंडित कर दिया करते थे। जिससे परेशान सभी ऋषि महर्षि विश्वामित्र के पास परेशानी के समाधान के लिए जाते हैं। इन्हीं असुरों के अंत के लिए महर्षि विश्वामित्र अयोध्या नरेश राजा दशरथ के पास गए। धतुरिया में हनुमान मन्दिर की दूसरी वर्षगांठ पर धतुरिया निवासी पटेल हरीशचंद्र नागर द्वारा 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

गेरा उपाध्यक्ष एवं पारेता ब्लॉक अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्कर्स यूनियन की जिला टीम में यहां के वरिष्ठ पत्रकार सीपी गेरा को जिला उपाध्यक्ष और जिला इकाई ने अपने ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में छबडा से नरेंद्र पारेता को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। यह सूची जिलाध्यक्ष फिरोज खान द्वारा घोषित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। वहीं छबड़ा के सभी पत्रकारों ने सीपी गेरा को जिला उपाध्यक्ष बनाने और ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पारेता को नियुक्त करने पर खुशी जाहिर की है। गेरा ने जिले के सभी पत्रकारों से एकजुट होकर संगठन के साथ कार्य करने और पत्रकार हित में कार्य करने की बात कही।

खुले में ओवर लोडिंग राख का परिवहन जारी

छबड़ा (निसं)। पंचायत समिति सदस्य एडवोकेट दिग्विजयसिंह ने जनसुनवाई में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ को दिए ज्ञापन में बताया कि थर्मल प्रशासन द्वारा कोयले से बिजली उत्पादन में इतनी अनियमितता नही की जाती होगी जितना कोयले से बनी राख के निस्तारण में की जा रही हैं। थर्मल प्रषासन द्वारा लाखो टन राख के निस्तारण को लेकर चहेतों को मनमाने तरीके से टेंडर दे दिए जाते हैं। और यहां-वहां डालकर चहेती फर्मों को भी लाखों का भुगतान कर दिया जाता है। थर्मल प्रशासन व ट्रांसपोर्टरों की सांठ-गांठ के चलते ही वाहनों द्वारा खुले में ओवर लोडिंग राख का परिवहन जारी हैं।

किसान रजिस्ट्री शिविर आज

झालावाड़ (निसं)। एग्रीस्टैक योजना के तहत झालावाड जिले में 8 फरवरी को ग्राम पंचायत बोरदा, थरोल, बाघेर, बर्डिया बीरजी, भीलवाडी, डोला एवं मनोहरथाना में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन होगा। उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण ने बताया कि शिविर में किसान अपनी विशिष्ट फार्मर आईडी बनवाने हेतु आधार कार्ड, जमाबंदी की प्रति एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर अवश्य साथ लाएं।

मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन जारी

बूंदी (निसं)। अखिल भारतीय मीणा समाज विकास समिति द्वारा सर्व समाज के सहयोग से मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर किये जा रहे आन्दोलन के तहत आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी है।

शुक्रवार को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन कर रहे स्व. मनीष मीणा के की मां गायत्री बाई मीणा व पिता रामलक्ष्मण मीणा व एक अन्य अनशनकारी हरिओम मीणा की तबियत ज्यादा बिगड़ी गयी जिसके बाद पुलिस ने माता पिता व हरिओम मीणा को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया है।इससे पूर्व प्रशासन ने सभी 19 अनशनकरियो का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। चिकित्सकीय टीम ने सभी अनशनकारियों का वजन किया और ब्लड सैम्पल भी लिये।

स्व. मनीष मीणा की माँ गायत्री बाई, पिता रामलक्ष्मण मीणा,मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा, आप जिलाध्यक्ष डॉ किशनलाल मीणा,उलेड़ा के पूर्व सरपंच किशनलाल सैनी,पूर्व सरपंच नेमीचन्द वर्मा,नया गांव उपसरपंच मदनलाल गुर्जर, ग्रामीण छात्र नेता नीरज मीणा करजुना, समाजसेवी पप्पूलाल मीणा, हरिओम मीणा, धन्नालाल मीणा, टोनू मीणा, सोहनलाल मीणा, रामदेव मीणा, हजारी बाई, बच्ची बाई, मीरा बाई दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर रहे।

मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर पिछले 31 दिन से बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर अखिल भारतीय मीणा समाज विकास समिति द्वारा सर्व समाज के सहयोग से आंदोलन जारी है। 8 जनवरी से इस मामले में धरना शुरू किया गया था इसके बाद 5 दिन क्रमिक अनशन के बाद दो दिन से 19 लोग जिला कलेक्ट्रट पर आमरण अनशन पर बैठे हैं।

समर्थन में ये पहुंचे:- शुक्रवार को आंदोलन के समर्थन में एडवोकेट देवराज मीणा,मीणा समाज के तहसील अध्यक्ष शोभाग मीणा, एडवोकेट हेमराज मीणा, डॉ परमानन्द मीणा, भंवरलाल मीणा, देवकरण मीणा परशुराममीणा, रामदयाल मीणा, भवानीशंकर मीणा, बद्रीलाल मीणा, अनिल मीणा, कान्ति बाई मीणा, गीता बाई मीणा, हुकुमचंद मीणा, रामस्वरूप, द्वारका बाई, पन्नालाल मीणा, युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश मीणा, एनएसयूआई नेता किशन नेखाडी, छात्र नेता भोजराज गुर्जर, विजेन्द्र गुर्जर, हुक्मचंद मीणा, रामराज मीणा, बाबूलाल मीणा दोहित, शंभू मीणा, बजरंगलाल मीणा, बाबूलाल मीणा, बालाराम मीणा, छोटूलाल, दुर्गालाल मीणा,लखमीचंद,,राजाराम मीणा,रामप्रकाश मीणा आदि ने जिला कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे।

भजपा नेता रूपेश शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत करवाया:- भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का ज्ञापन भेजकर मुख्यमंत्री कार्यालय को सारे मामले से अवगत करवाया।

शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पिछले 31 दिन से चल रहे आंदोलन के साथ दो दिन से चल रहे आमरण अनशन की भी जानकारी दी और राज्य सरकार से तत्काल मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग रखी। कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा से वार्ता कर ज्ञापन भेज कर सहायता की मांग की।

श्रमिकों को सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक किया

बूंदी (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन में, ड्रेनेज परियोजना के तहत शहर के जैतसागर नाले पर कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा और श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों की भूमिका पर बोलते हुए सीएमएससी आरयूआईडीपी के नरेश महावर ने बताया कि श्रमिक किसी भी शहर के विकास की नींव होते हैं। उनके बिना किसी शहर का विकास संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई श्रमिक उनका उचित लाभ नहीं उठा पाते हैं। श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साईट पर कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे एवं पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही बडी दुर्घटना का कारण बन सकती है साथ ही उन्होंने बताया कि श्रमिकों को साईट पर कार्य करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड सकता है और उनसे किस प्रकार बचा जा सकता है।

जैतसागर नाले पर कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा और श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

आरयुआईडीपी से सचिन मुदगल ने श्रमिक कार्ड से होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रम विभाग में पंजीकरण कराए।

सार-समाचार

'योग प्रशिक्षकों को फुल टाइम करके उनके वेतन वृद्धि की जाए'

अंता (निसं)। अंता विधायक कँवरलाल मीणा ने राजस्थान विधानसभा में प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 295 के अंतर्गत बोलते हुए राज्य के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालयों में कार्यरत पार्ट टाइम योग प्रशिक्षकों को फुल टाइम वेतन वृद्धि करवाने व राजस्थान संविदात्मक सिविल पदों के लिए भर्ती नियम 2022 में शामिल किये जाने को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को महत्व देते हुए स्वस्थ भारत सम्रद्ध भारत के सपने को साकार करने के लिये राजस्थान में 2021 में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राजकीय आयुर्वेद औषधालय पर पार्ट टाइम महिला योग प्रशिक्षको को 5000 मानदेय एवं पुरुष योग प्रशिक्षको को 8000 मानदेय पर नियुक्त किए गए हैं वर्तमान में लगभग 3000 योग प्रशिक्षक संपूर्ण राजस्थान में अपनी सेवाएं दे रहे हैं परंतु इस पार्ट टाइम समय से राजस्थान वासियों को योग का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा। अल्प मानदेय से योग प्रशिक्षकों के परिवार का भरण पोषण करना दुविधाजनक हो रहा है वर्तमान में योग प्रशिक्षको को अल्प मानदेय पर अपनी सेवाएं देते 4 वर्ष होने आए हैं। ना तो समय बढ़ाया और न हीं उनकी वेतन वृद्धि की गई जबकि निश्चित समय अवधि की पीएलपी के पश्चात स्थाई नियुक्ति का प्रावधान है अन्य राज्यों में योग प्रशिक्षको को फुल टाइम नियुक्ति के साथ वेतन भी 25000 से 30000 दिया जा रहा है। इसी को लेकर अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने सरकार से अनुरोध व विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी योग प्रशिक्षकों को फुल टाइम करके उनके वेतन वृद्धि की जाए।

'खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम हटाये'

झालावाड़ (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा चलाये जा रहे गिव अप अभियान के तहत् खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र परिवार के व्यक्ति अपना नाम स्वेच्छा से हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी देवराज रवि ने बताया कि उक्त अभियान के तहत विभाग द्वारा सम्पन्न परिवारों को अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वंचित रहे जरुरतमन्द एवं पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ दिलाया जा सके। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर द्वारा निष्कासन की श्रेणियों में आने वाले परिवारो को एक और मौका दिया है, इसके तहत 28 फरवरी 2025 तक नाम नही हटाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाकर 27 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से गेहूँ की राशि वसूल की जाएगी। इसमें यदि जो भी परिवार व व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से स्वेच्छा से हटवाना चाहता है, वह राशन डीलर को प्रपत्र भरकर जमा करवा दे। इसके अतिरिक्त जिला रसद कार्यालय व उपखण्ड कार्यालय में सम्पर्क कर भी अपना नाम हटवा सकते है। नाम हटाने हेतु आवेदन प्रपत्र राशन डीलर से प्राप्त किया जा सकता है। जिला रसद कार्यालय द्वारा आदिनांक तक खाद्य सुरक्षा योजना में से कुल 515 अपात्र परिवारो को निष्कासित किया गया है।

सहकारी बैंक की बैठक आयोजित

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की त्रैमासिक की विकास कार्य योजना की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा बैंक की अमानतों में वृद्धि लाने, एन.पी.ए. एवं अवधिपार ऋण की वसूली करने तथा अकृषि ऋणों (राजकीय कर्मचारियों हेतु व्यक्तिगत ऋण, आवास ऋण, वाहन ऋण इत्यादि) के वितरण में प्रगति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने आगामी 3 माह की अवधि में बजट घोषणा तथा बैंक की विकास कार्य योजना के सभी लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने हेतु निर्देश भी दिये। इस दौरान बैंक द्वारा की गई त्रैमासिक प्रगति की मदवार समीक्षा की गई। बैठक में झालावाड़ केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक ओ.पी. जैन, डी.डी. एम नाबार्ड वासुदेव मीणा, अवतार सिंह मीणा, प्रतिनिधी अतिरिक्त रजिस्टार, सहकारी समितियां, कोटा एवं वरिष्ठ प्रबंधक (लेखा एवं वित्त) रोहित दुबे उपस्थित रहे।

हार्टफुलनेस एकात्म अभियान के पोस्टर का विमोचन किया

- हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति में प्रातः काल ध्यान, सायंकाल सफाई और सोते समय प्रार्थना का विधान है

बूंदी (निसं)। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली और श्री रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्था के समन्वित प्रयास से देश के आठ राज्यों में एकात्म अभियान प्रारंभ हो गया है।

हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक गुरु श्री कमलेश डी पटेल ने रामचंद्र मिशन के संस्थापक बाबूजी महाराज की 125वीं जयंती पर यह अभिनव कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अंतर्गत राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में सवा लाख से अधिक गांवों में ध्यान सिखाया जाएगा। इसमें राजस्थान के 15000 से अधिक गांवों में यह कार्यक्रम होगा।

बूंदी जिले के लगभग 500 गांव इसमें लिए जाएंगे। इसके अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारी संस्थाएं, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम पंचायत सरपंच आदि के सहयोग से ध्यान, योग, विद्यार्थियों के विकास के संबंध में जानकारी, कृषि के संबंध में आधारभूत जानकारी, मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति आदि पर बातचीत की जाएगी।

यह सारे कार्यक्रम नि:शुल्क होंगे। एकात्म अभियान के पोस्टर और फ्लेक्स का विमोचन जिला कलक्टर अक्षय गोदारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर को हार्टफुलनेस वे पुस्तक भेंट की गई तथा एकात्म अभियान की संक्षिप्त में जानकारी दी गई।

हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति में प्रात: काल ध्यान, सायंकाल सफाई और सोते समय प्रार्थना का विधान है। बूंदी में वर्तमान में पांच प्रशिक्षक है। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि खूब काम करें।

इस अवसर पर जिला समन्वयक चांदनी वरयानी ,केंद्र समन्वयक उमेश जसोतानी, प्रिसेप्टर नीलू राजानी, प्रिसेप्टर डॉ महावीर कुमार शर्मा और गहन अभ्यासी सरला कुशवाहा और दुर्गेश सैनी मौजूद रहे।

संभागीय आयुक्त ने जिला अस्पताल एवं नरेगा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

बूंदी (निसं)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को जिला अस्पताल एवं नरेगा के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने जिला अस्पताल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यो तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनकी तबियत के बारे में पूछा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। इसके बाद श्री शेखावत ने महिला वार्ड, पीएमओ ऑफिस एवं नर्सिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों के वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने के निर्देश पीएमओ को दिए।

इसके पश्चात संभागीय आयुक्त ने दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली एवं पंजीकरण काउंटर पर जाकर रोगी पर्ची व्यवस्था के बारे में जाना।

संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने जिला अस्पताल एवं नरेगा के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय एवं आरएसआरडीसी के अभियंता उपस्थित रहे।

नरेगा के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण:- संभागीय आयुक्त ने बलदेवपुरा व खटकड तलाई में नरेगा के तहत चल कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर की सफाई का कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत की एवं उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सीएडी विभाग के तहत करवाए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, बीडीओ बूंदी सुरेश वर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।